Live Hindustan

सारण में बाढ़ के चलते नियोजन मेला भी स्थगित

सारण जिले में बाढ़ के चलते प्रमण्डलीय नियोजन सह मार्गदर्शन मेला भी स्थगित कर दिया गया है। यह मेला आगामी 30 अगस्त को छपरा जिला मुख्यालय स्थित जगदम कालेज के प्रांगण में होना था। इसमें सारण, सीवान और गोपालगंज जिलों के बेरोजगारों को जॉब मिलता लेकिन अब उन्हें कुछ दिनों तक और इंतजार करना पड़ेगा। डीएम दीपक आनंद ने बताया कि कॉलेज प्रांगण में बाढ़ का पानी रहने के चलते अगले आदेश तक के लिए यह नियोजन मेला स्थगित किया गया है। मालूम हो कि यहाँ प्रमंडलीय नियोजन सह मार्गदर्शन मेले में आम तौर पर दो से ढाई हजार बेरोजगारों को जॉब मिलता रहा है।

जेपीविवि में स्नातक पार्ट 2 की परीक्षा दुबारा स्थगित

जयप्रकाश विश्वविद्यालय में स्नातक पार्ट 2 की परीक्षा दुबारा स्थगित कर दी गई है। बीते 19 अगस्त से शुरू हुई यह परीक्षा दो दिनों बाद ही बाढ़ का पानी फैलने के चलते स्थगित कर दी गई थी। 29 अगस्त से यह परीक्षा दुबारा शुरू होने वाली थी लेकिन विभिन्न कालेजों और क्षेत्रों में बाढ़ का पानी अभी बरकरार रहने के चलते 29 अगस्त से परीक्षा नहीं हो सकेगी। परीक्षा नियंत्रक अनिल कुमार ने बताया कि कुलपति के आदेश पर अगले आदेश तक दोबारा परीक्षा स्थगन का निर्णय लिया गया है।

400 से अधिक स्कूलों में पढाई बंद

बाढ़ के चलते सारण जिले में 400 से अधिक स्कूलों में पढ़ाई बंद है। यह सरकारी आंकड़ा है, जबकि निजी स्कूल-कॉलेज भी बंद हैं। बंद स्कूलों में प्रारम्भिक स्कूलों की संख्या ज्यादा है।